समाचार

राजस्व वसूली अभियान

22 जनवरी को इन वार्डो में लगेंगे राजस्व वसूली शिविर

(04 दिनों में 38 लाख 85 हजार रू. बकाया कर राशि शिविरों में जाकर जमा कराई करदाताओं ने)

कोरबा 21 जनवरी 2021— नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, 05 प्रतिशत जलकर, जलकर, दुकान एवं भवन किराया आदि की बकाया राशि की वसूली हेतु निर्धारित कार्ययोजना अनुसार **22 जनवरी को** वार्ड क्र. 05 सिंधी गुरूद्वारा, वार्ड क्र. 13 पन्द्रह ब्लाक गणेश पण्डाल, वार्ड क्र. 25 कुआंभट्ठा, वार्ड क्र. 20 कांशीनगर नवधा पण्डाल, वार्ड क्र. 36 पाडीमार बरगद चौक सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी उरांव मोहल्ला, वार्ड क्र. 57 आनंदनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 64 घुड़देवा मद्रासी होटल के पास शिविर लगाए जाएंगे। निगम के सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर ने बताया कि विगत 04 दिनों में विभिन्न वार्डो में लगाए गए राजस्व वसूली शिविरों के माध्यम से 38 लाख 85 हजार रूपये के करों की वसूली की गई है, उन्होने बताया कि करदाता इन शिविरों में पहुंच रहे हैं तथा बकाया कर राशि का भुगतान निगम को कर रहे हैं।